मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी में परियोजना का किया निरीक्षण, नये लिंक चैनल में आया पा

# चार दशक बाद लखनदेई नदी की पुरानी धारा हुई पुनर्जीवि



लखनदेई नदी के बने लिंक चैनल का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार.

संवाददाता ▷ पटना

सीतामढ़ी जिले की लखनदेई नदी की पुरानी धारा चार दशक बाद पुनर्जीवित हो गयी है. बनाये गये नये चैनल में शुक्रवार को पानी भी आ गया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा प्रखंड के खाप गांव में जाकर लखनदेई नदी की पुरानी धारा को पुनर्जीवित करने की परियोजना का निरीक्षण किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से नदी की उड़ाही और लिंक चैनल निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली. लिंक चैनल में पानी को देखकर मुख्यमंत्री काफी प्रसन्न हुए और • बाकी पेज 15 पर

### बागमती नदी की पुरानी धारा होगी पुनर्जीवित और बूढ़ी गंडक से जुड़ेगी

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बागमती नदी की पुरानी धारा को पुनर्जीवित करते हुए इसमें चैनल का निर्माण करें और इसे बूढ़ी गंडक से जोड़ा जाये. मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पुल का निरीक्षण करते हुए स्टेट हाइवे को भी चालू करने का निर्देश दिया.

### यह एक ऐतिहासिक दिन : संजय झा

जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने ट्वीट कर कह
एक ऐतिहासिक दिन रहा. करीब चार दशक बाद लख
नदी पुनर्जीवित हुई. हमें खुशी है कि सीतामढ़ी जिले व
जीवनदायिनी लखनदेई नदी की पुरानी धारा में मुख्यम
निरीक्षण के बाद उनके निर्देश पर पानी छोड़ दिया गया
पानी शुक्रवार की रात सीतामढ़ी शहर के पास पहुंच ज

### भारत-नेपाल सीमा से निकल बागमती में मिलती है लखनदेई

लखनदेई नदी भारत-नेपाल की सीमा पर सोनवर्षा प्रखंड के छोटी भरसार से निकलकर सोनवर्षा प्रखंड के दुलारपुर, बयनाहा प्रखंड के पितांबरपुर ( सोरम नदी के मिलन बिंदु), सीतामढ़ी और रून्नी सैदपुर प्रखंड होते हुए मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड में मोहनपुर ( बागमती बायां तटबंध के 74.73 किमी) में बागमती नदी में मिल जाती है. भारत में पुरानी लखनदेई नदी की कुल लंबाई 170.00 किमी है.

परियोजना पूरा होने पर कुल
किमी चैनल से सीतामढ़ी जि
के सोनवर्षा, बयनाहा, सीताम
व रून्नी सैदपुर प्रखंडों में कु
2539.86 हेक्टेयर भूमि अ
योग्य हो जायेगी. देखें पे